मन्त्र
81/17/223

मंगल सिंह बनाम लाल मौहम्मद

तारीख पेशी	बनाम 2017/00081 हुक्म या कार्यवाही मय हस्ताक्षर श्री शौकिन्द लाल .... श्री राकेश अरोड़ा	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए
11.12.17	पत्रावली पेश हुयी। वकुलाय उपस्थित। अभिभाषक प्रार्थीगण/अपीलांट ने प्रार्थना पत्र प्रकरण को आगे नही चलाने बाबत् पेश किया, जो शामिल पत्रावली हों। अभिभाषक प्रार्थीगण/अपीलांट ने निवेदन किया कि अपीलांटस एवम् रेस्पोडेन्टस के मध्यं गांव के मौतविरान व्यक्तियों की आपसी समझाईश अनुसार दोनो पक्षों में विवादित आराजियात बाबत् सड़क के मुख्य भाग पर अच्छी से अच्छी एवम् बुरी से बुरी भूमि के सम्बन्ध में आपसी राजीनामा होने के कारण अपील विड्रो के बाद आपस में जरिये विक्रय पत्र के आधार पर इन्द्राज दर्ज होने बाबत् दोनो पक्षों के मध्य राजीनामा होने से प्रकरण आगे नही चलाना चाहते है यदि द्वितीय पक्ष उक्त बाहरी राजीनामा को अपील विड्रो होने पर इंकार करने पर अपील को पुनः इसी स्तर पर नम्बर पर लेने का हक व अधिकार सुरक्षित रखते हुए प्रकरण को विड्रो करना चाहते है, जिसमें दोनो पक्ष सहमत हैं। न्यायालय हाजा से अनुरोध है कि प्रार्थना पत्र स्वीकार कर अपील को विड्रो किये जाने के आदेश प्रदान करावें। अपीलांट संख्या 01 से 3/2 स्वंय उपस्थित हुए, अपीलांट संख्या 3/3, 3/4 नाबालिग होने से उनकी ओर से माता समीदा उपस्थित हैं। अपीलांटस ने अपने आधार कार्ड की प्रति स्वंय हस्ताक्षर सहित प्रस्तुत की है, जो शामिल पत्रावली हों। रेस्पोडेन्ट संख्या 01 मंगल सिंह स्वंय उपस्थित हुए। अपीलांटस की पहचान उनके अभिभाषक श्रीशौकिन्द लाल गुर्जर ने की एवम् रेस्पोडेन्ट संख्या 01 मंगल की पहचान उनके अभिभाषक श्री राकेश अरोड़ा ने की। अभिभाषक अपीलांटस अपील को विड्रो करना चाहते है एवम् रेस्पोडेन्ट को भी कोई आपत्ति नही हैं। **अतः अपील अपीलांटस विड्रो किये जाने से खारिज की जाती है। पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हों।** राजस्व अपील प्राधिकारी अजमेर	मंगलसिंह बलवीर सिंह Reg 48 9/1/18 L.C. कार्यवाही हेतु भिजवाई गई